


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 05 जनवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 117 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया









## पीएम मोदी ने दिल्ली में मिले सीएम योगी, मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज

**यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दिल्ली दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम योगी गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। इन मुलाकातों के साथ ही यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलें तेज हो गयी हैं। सीएम योगी भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी की अभी तक नितिन नबीन से नहीं मुलाकात नहीं हुई है। यह नए अध्यक्ष के साथ उनकी पहली औपचारिक मुलाकात भी है। राजनीतिक गलियारों से चर्चाएं यह भी आ रही हैं कि नितिन नबीन के साथ सीएम कैबिनेट के विस्तार पर भी चर्चा कर सकते हैं।**

# उमर-शरजील की टूटी उम्मीद!

## सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली जमानत, पांच अन्य आरोपियों को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आज साल 2020 के दिल्ली दंगा मामले में आरोपी बनाए गए उमर खालिद, शरजील इमाम को जमानत देने से इंकार कर दिया। हालांकि इस मामले में पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से उमर और शरजील को आज देश की सर्वोच्च अदालत से जामनत की उम्मीद थी। कोर्ट ने फैसले में कहा कि लंबे समय तक जेल में रहना जमानत का आधार नहीं बन सकता। इन दोनों को जमानत देने से इनकार करने के अलावा कोर्ट ने मामले के अन्य आरोपियों- गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दे दी।

अदालत ने कहा कि दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर हैं, इसलिए इस स्तर पर दोनों को राहत नहीं दी जा सकती। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर हैं और



UAPA कानून के अंतर्गत तय शर्तें भी पूरी होती हैं। ऐसे में ट्रायल में होने वाली देरी को फिलहाल जमानत का ठोस आधार नहीं माना जा सकता।

बता दें कि विगत 10 दिसंबर, 2025 को सभी आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 18 दिसंबर तक दोनों पक्षों को अपनी दलीलों के समर्थन में तमाम दस्तावेज जमा कराने को भी कहा था।

**खालिद के पिता बोले- मुझे कुछ नहीं कहना**

सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत रद्द किए जाने पर उमर खालिद के पिता इलियास का कहना है कि 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जमानत न मिलने के बारे में उन्हें कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है और फैसला आपके सामने है।

**पुलिस ने क्या कहा?**

उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर और रहमान पर गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (घ्झ्ण अब इस कानून का नाम भारतीय न्याय संहिता हो चुका है) के प्रावधानों के तहत गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस ने कहा कि ये लोग फरवरी 2020 की हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता थे, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

**मुकदमे के ट्रायल में देरी जमानत का आधार नहीं**

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि दिल्ली दंगों के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में अलग स्थिति में हैं। कोर्ट ने साफ किया कि मुकदमे के ट्रायल में हो रही देरी को 'ट्रंप कार्ड' की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ऐसा करने से वैधानिक सुरक्षा उपाय स्वतः ही निरस्त होने का खतरा है। हालांकि, अदालत ने कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने पर या वर्तमान आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर वे फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## दिल्लीः दबंगों की गुंडागर्दी, बाप-बेटे के कपड़े उतारकर बेरहमी से पीटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में 2 जनवरी को हुई एक खौफनाक घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां दबंगों के एक गिरोह ने एक बाप-बेटे को न केवल बेरहमी से पीटा, बल्कि युवक को नंगा कर सड़क पर घसीटते हुए भी पीटा। हैरत की बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में भी दबंग युवक को घसीटते रहे, लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। इस बर्बरता का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाशों की हैवानियत साफ दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित के घर में जिम खोला हुआ है, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी विकास यादव, शुभम यादव, ओमकार यादव और पिंटू यादव ने पीड़ित के बेटे को पीटा, फिर उसे घसीटकर सड़क पर ले आए और नंगा कर जूतों से मारा। इस दौरान उसके दांत भी तोड़ दिए गए और सिर पर भी गंभीर चोटें आईं। उसके पिता को भी जिम में नंगा कर पीटा गया। बदमाशों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी मारपीट की।

## सबूतों के अभाव में अदालत ने चार साल बाद पत्नी की हत्या के आरोपी को किया बरी

**ठाणे।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने 2021 में अपनी पत्नी की हत्या के आरोपी 32 वर्षीय व्यक्ति को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष साक्ष्यों पर आधारित इस मामले में दोष सिद्ध करने के लिए आवश्यक बुनियादी तथ्यों को साबित करने में असफल रहा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस.बी. अग्रवाल ने शनिवार को अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष का यह दायित्व है कि वह परिस्थितियों की कड़ी में शामिल प्रत्येक तथ्य को साबित करे। जो केवल इस परिकल्पना की ओर ले जाता है कि आरोपी दोषी है और उसकी निर्दोषता की कोई संभावना नहीं है।

## सुसाइड नोट में यह लिख इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक ने दी जान

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-104 स्थित सोसाइटी की 17वीं मंजिल से गिरकर हुई इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक की मौत के मामले में पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। फ्लैट से मिला एक पन्ने का यह सुसाइड नोट अंग्रेजी में लिखा गया है। 7-8 लाइन के इस नोट में मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है और न ही कोई आरोप लगाया गया है। सूत्रों की माने तो नोट में लिखा है कि अब आगे और जीना नहीं चाहता। परिजनों के नाम लिखने के साथ प्रेम जताया गया है और संपत्ति का वारिस भी बताया गया है। इसके साथ ही इंडियन ऑयल परिवार का भी आभार जताया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड नोट की फॉरेंसिक जांच करवाई जाएगी। साथ ही अन्य पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। मूलरूप से कानपुर के इंदिरानगर के रहने वाले अजय गर्ग इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन दिल्ली में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

## बुलंदशहर दरिंदगी और हत्याकांड में मां ने बयां की आंखों देखी दर्द भरी दास्तां

**फिरोजाबाद।** बुलंदशहर के सिकंदराबाद में नारखी के एक गांव की छह साल की मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना को परिजन और ग्रामीण भूला नहीं पा रहे हैं। शनिवार रात भर पीड़ित परिवार सोया नहीं। गांव के एक छोटे से घर के आंगन में बैठी मां की हालत भी खराब थी। वह रात भर सोई नहीं थी। पड़ोसियों ने बताया कि मां ने शुक्रवार से अन्न का दाना तक नहीं चखा है। वह बस एक ही बात रट रही है, मेरी बच्ची तो खेलने गई थी, उसे क्या पता था कि ऊपर मौत खड़ी है। मूल रूप से फिरोजाबाद जिले के रहने वाले पीड़ित परिवार के आंसू थम नहीं रहे हैं। बेटी की मौत के बाद मां बेहाल है। वह बार-बार एक ही बात दोहरा रही हैं। साहब, उन्होंने मेरी बच्ची पर रहम नहीं किया, उन्हें भी रहम न मिले। जैसे उन्होंने मेरी आंखों के सामने मेरी फूल-सी बच्ची को नीचे फेंका, वैसे ही उन्हें मेरी आंखों के सामने फांसी के फंदे पर लटकाया जाए। तभी मेरे कलेजे को ठंडक मिलेगी।

## दिल्ली विधानसभा सत्रः प्रदूषण के मुद्दे पर हंगामा, आप के 4 विधायक निष्कासित

**● सरकार को घेरने के लिए मास्क पहन कर विधानसभा पहुचे आप विधायक**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। सत्र की शुरुआत में ही एलजी के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के विधायकों ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हंगामा किया। इस हंगामे के कारण स्पीकर को कार्रवाई करनी पड़ी और विपक्ष के विधायकों को सदन से बाहर निकलवाना पड़ा। हंगामा करने के चलते आप विधायकों संजीव झा, कुलदीप कुमार, सोमदत्त और जरनैल सिंह को अगले 3 दिन के लिए सदन कि कार्यवाही से निष्कासित कर दिया गया है। विधानसभा को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और आप नेता आतिशी ने कहा कि चार महीने से दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे, बच्चों का दम घुट रहा है, बुजुर्गों की जान जा रही है। प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को घेरने के लिए आप के सभी विधायक मास्क पहन कर विधानसभा में पहुँचे थे।

## अजमेर शरीफ में प्रधानमंत्री की चादर चढ़ाने का विरोध, कोर्ट से खारिज याचिका

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने अजमेर स्थित 13वीं शताब्दी के सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर प्रधानमंत्री द्वारा राज्य प्रायोजित औपचारिक सम्मान या चादर चढ़ाने की प्रथा के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि चूंकि चादर चढ़ाई जा चुकी है, इसलिए यह मुद्दा निरर्थक हो गया है। पीठ ने यह भी कहा कि यह ऐसा मुद्दा नहीं है जिस पर न्यायालय निर्णय ले सके।

## दादागिरी वाली कार्रवाईयों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कमजोर हुई

**● चीन ने वेनेजुएला पर कार्रवाई को लेकर अमेरिका पर साधा निशाना**

**लखनऊ।** वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई के खिलाफ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका पर सख्त टिप्पणी की है। चीनी



राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बिना नाम लिए अमेरिका पर निशाना साधा और हिदायत भी दी।

उन्होंने कहा कि प्रमुख शक्तियों को अन्य देशों के विकास पथ का सम्मान करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन से मुलाकात के दौरान ये टिप्पणियां की। शी जिनपिंग का बयान वॉशिंगटन की ओर से वेनेजुएला पर किए गए हमलों पर बीजिंग की पहले की आलोचना को और पुष्ट करता है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार शी जिनपिंग ने कहा, दुनिया एक सदी में अभूतपूर्व परिवर्तनों और उथल-पुथल से गुजर रही है, जिसमें एकतरफा और दादागिरी वाली कार्रवाईयों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था गंभीर रूप से कमजोर हो रही है।' बयान के मुताबिक जिनपिंग ने कहा, 'सभी देशों को अन्य राष्ट्रों के लोगों की ओर से स्वतंत्र रूप से चुने गए विकास पथों का सम्मान करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।

## भाजपा नेता संगीत सोम को धमकी, सरधना थाने में एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ठाकुर संगीत सोम को बांग्लादेश से धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। धमकी भरे फोन कॉल, मैसेज और वीडियो कॉल मिलने के बाद उन्होंने सरधना थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। भाजपा नेता संगीत सोम ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 8 बजे उन्हें धमकी भरे मैसेज और वीडियो कॉल प्राप्त हुए। इन कॉल्स और मैसेज में उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

## बांग्लादेश ने आईपीएल के प्रसारण पर लगाई रोक

**● दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव**

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजने का फैसला करने के बाद अब बांग्लादेश ने आईपीएल के प्रसारण पर भी रोक लगा दी है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, अंतरिम सरकार ने आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगाने का फैसला किया है। आईपीएल 2026 की शुरुआत मार्च में होनी है।

भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद उस वक्त से गरमा गया है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने कहा था।

पूरे विवाद की शुरुआत मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने से शुरू हुई। केकेआर ने पिछले महीने मिनी नीलामी में मुस्तफिजुर को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। लेकिन बीसीसीआई के निर्देश पर केकेआर ने इस बांग्लादेशी गेंदबाज को टीम से बाहर कर दिया।

मुस्तफिजुर को लेने पर भारत में विरोध हो रहा था और कई राजनेताओं तथा कथावाचक ने इसे लेकर केकेआर के मालिका शाहरुख खान को घेरा था। मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद बांग्लादेश बौखला गया है।

# 11 जनवरी को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने गुजरात जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे, जो 8 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला चलेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, आस्था और आत्मसम्मान के भाव को सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, आध्यात्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक जागरूकता से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। स्थानीय प्रशासन और ट्रस्ट की ओर से प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज का विषय राजनीति से जुड़ा नहीं है, बल्कि भारत की पहचान, अस्मिता, अस्तित्व और उसके भविष्य से संबंधित है। उन्होंने कहा कि हर देश के इतिहास में कुछ ऐसे मोड़ और तारीखें होती हैं, जो भले ही पीड़ादायक हों, लेकिन उन्हें याद रखना जरूरी होता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने याद दिलाया कि आज 6 जनवरी 2026 है और ठीक एक हजार साल पहले इसी दिन महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ मंदिर का विध्वंस किया गया था। सोमनाथ मंदिर को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है। और इसका धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व अत्यंत विशेष है।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.0°C
● तापमान न्यूनतम : 7.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 05 जनवरी, सोमवार, 2026 (3)


छाया : जनमुख डेस्क

## अजय गुप्ता अध्यक्ष, रमेश यादव बने महामंत्री

**वाराणसी।** वाराणसी फर्नीचर एवं फर्नीशिंग व्यापार मंडल का चुनाव रविवार को पटेल धर्मशाला प्रांगण में सम्पन्न हुआ। जिसमें अजय गुप्ता अध्यक्ष, रमेश यादव महामंत्री, दिलीप गुप्ता कोषाध्यक्ष व प्रकाश सोनेजा प्रभारी चयनित किये गये।
चुनाव में 14 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया। इसमें कुल 139 सदस्यों ने मतदान किया। चुनाव अधिकारी राजेश अग्रवाल, डाक्टर यादवेन्द्र सिंह, अरूण रूस्तगी, नरेन्द्र गर्ग, संरक्षक अजय जायसवाल व प्रमोद यादव के सानिध्य में निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हुआ। कुल 82 प्रतिशत सदस्यों ने मतदान किया।

# सवा लाख रुद्राक्ष से 'काशी के कोतवाल' का हुआ भव्य श्रृंगार





**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव का वार्षिक श्रृंगार समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बाबा काल भैरव का भव्य श्रृंगार सवा लाख रुद्राक्ष से किया गया, वहीं पूरा मंदिर परिसर भी रुद्राक्ष से आकर्षक रूप से सजाया गया। इसके साथ बाबा को अन्नकूट भोज भी अर्पित किया गया। आज के खास शृंगार को देखते हुए सुबह से दर्शन पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतार लग गयी थी। पुजारी वैभव दुबे ने बताया कि बाबा काल भैरव का यह वार्षिक श्रृंगार काशी की प्राचीन परंपराओं में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि बाबा काल भैरव स्वयं रुद्राक्ष धारण करते हैं और श्रृंगार के बाद जो रुद्राक्ष भक्तों को प्रसाद रूप में प्राप्त होता है, उसका विशेष आध्यात्मिक महत्व है।वैभव दुबे के अनुसार, मान्यता है कि प्रसाद रूप में प्राप्त रुद्राक्ष को पानी में डालकर रखने से भगवान काल भैरव की कृपा से जीवन की नकारात्मक शक्तियां और काल बाधाएं दूर होती हैं। इसी आस्था के चलते देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन और प्रसाद प्राप्त करने के लिए मंदिर पहुंचे। श्रृंगार उत्सव के दौरान मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा। भक्तों ने बाबा से सुख-समृद्धि और रक्षा की कामना की।

**● दर्शन के लिए भक्तों की लगी लंबी कतार**

### *डेढ बीघे की प्लाटिंग करने वालों को पार्क देना होगा अनिवार्य*

***वाराणसी, जनमुख न्यूज।*** *बीडीए सीमा में डेढ़ बीघा की प्लॉटिंग करने वालों की पार्क अनिवार्य रूप से देना होगा। यह आदेश बीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की ओर से जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि डेढ़ बीघा क्षेत्रफल का न्यूनतम 15 प्रतिशत भाग पार्क के लिए आरक्षित होना अनिवार्य होगा। इन मानकों की पूर्ति होने पर ही लेआउट को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। सभी प्लॉटिंगकर्ताओं से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रस्तावित लेआउट में नौ मीटर चौड़ी सड़क हो और संबंधित भूमि का भू-उपयोग आवासीय हो। बिना लेआउट स्वीकृत कराए प्लॉटिंग न करें। जिन लोगों ने पूर्व में प्लॉटिंग की है, वे शीघ्र ही लेआउट स्वीकृत कराएं। इसके बाद ही भूखंडों की बिक्री करें। सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।*






# माघ मेला का पलट प्रवाहःकई मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लागू!



**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** माघ मेला से लौटती भीड़ के से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लागू किए हैं। जिसके तहत बाहरी वाहनों के लिए नो-एंट्री रहेगी, वहीं मंदिर और घाट के रास्तों पर डायवर्जन लागू किया जाएगा।
माघ मेला के प्रमुख स्नान तिथियों पर महाकुंभ जैसी व्यवस्था को लागू किया गया है। इसमें यातायात का दबाव बढ़ने पर पांच थानों में होल्डिंग एरिया बनाकर वाहनों को खड़ा कराया जाएगा। शहर के रास्ते खाली होने तक वाहन प्रवेश नहीं करेंगे। सीमावर्ती जिले के बार्डर और शहर के बार्डर पर मिर्जामुराद, राजातालाब, रोहनिया, रामनगर और लंका में 12-12 घंटे तक वाहनों को रोका जाएगा। मैदागिन–चौक–गोदौलिया क्षेत्र नो-व्हीकल जोन रहेगा। शहर के अंदर छह रूटों पर ऑटो व ई-रिक्शा का संचालन होगा।
एडीसीपी यातायात अंशुमान मिश्रा ने बताया कि काशी में मकर संक्राति पर 14 से 16 जनवरी के बीच शहर में तीन से चार लाख लोगों के आने का अनुमान है। मौनी अमावस्या पर 18 जनवरी को 2 लाख लोगों के आने का अनुमान है। 23 जनवरी को वसंत पंचमी पर भी दो लाख लोगों के आने का अनुमान है।
स्नान के प्रमुख अवसर माघी पूर्णिमा पर 02 और 03 फरवरी 5 लाख लोग आ सकते हैं। जबकि शिव की आराधना के महापर्व महाशिवरात्रि पर 16 और 17 फरवरी को पांच लाख लोग आ सकते हैं। इसके चलते दशाश्वमेध घाट, अस्सी घाट व शहर के आंतरिक घाटों पर विशेष ध्यान दिया गया है। एडीसीपी के अनुसार भीड़ बढ़ने पर राजघाट पुल पर भी चारपहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। गाजीपुर और आजमगढ़ से माघ मेला जाने वाली प्राइवेट बसें और चार पहिया वाहन रिंग रोड से जाएंगे, शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

### सरकारी जमीन पर निर्माण के विवाद में ग्राम प्रधान हिरासत में, बवाल के बाद रिहा

**वाराणसी।** जिले में कोरौता गांव में सरकारी जमीन पर बुद्ध बिहार पार्क निर्माण को लेकर शनिवार देर रात पुलिस ने ग्राम प्रधान दिनेश पटेल को हिरासत में ले लिया। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों संग सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोहता थाने के सामने वाराणसी–भदोही राजमार्ग को दो घंटे तक जाम कर दिया। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ चक्का जाम दोपहर 12 बजे प्रधान को निजी मुचलके पर रिहा किए जाने के बाद समाप्त हुआ। धरने में प्रवेश पटेल, आनंद पटेल, सर्वेश पटेल, धीरज साहू, प्रमोद पटेल, विक्रम पटेल, ओपी पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## बादलों ने जमाया डेरा, गलन से हाल बेहाल

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** घने कोहरे के साथ-साथ बादलों के चलते ठंड में कमी नहीं आ रही है। भीषण गलन के चलते लोगों का हाल बेहाल है। ठंड के चलते लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। सोमवार की सुबह भी घने कोहरे के साथ हुई, लेकिन दिन चढ़ने के बाद कोहरा छंटता गया। लेकिन बादलों ने डेरा डाले रखा। दोपहर बाद हल्की धूप ने लोगों को थोड़ी राहत दी। हालांकि फिरी भी गलन बरकरार रही।
उधर, दो दिन से धूप न निकलने की वजह से ठंड से परेशान लोगों को रविवार को दिन में हल्की धूप निकलने से थोड़ी राहत मिली। अन्य दिनों की तुलना में हवा में नमी भी कम रही, इस वजह से धूप भी असरदार रही। हालांकि, शाम होते ही नम हवाओं के चलने से ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग ने इस सप्ताह अगले दो-तीन दिन तक घने कोहरे की संभावना जताई है। पिछले दो दिन से मौसम ने ऐसा करवट लिया कि ठंड ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आज काशी में न्यूनतम तापमान 6.5 रिकार्ड किया गया। जो इस मौसम का सबसे न्यूनतम तापमान रहा। जबकि अधिकतम तापमान 16 डिग्री के आस-पास था।

**● ठंड से पारा लुढ़का, न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री पर पहुँचा**



## माँ शाकम्भरी का प्राकटोत्सव पर महामंगल पाठ का आयोजन



**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** माँ शाकम्भरी का प्राकटोत्सव के उपलक्ष्य में एक महामंगल पाठ का आयोजन श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंधविद्यालय दुर्गाकुंड में श्री शाकम्भरी परिवार काशी के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मंगल पाठ आशा शर्मा व नीता खेमका के द्वारा पाठ का वाचन किया गया पाठ के दरम्यान शाकम्भरी मैया का गजरा उत्सव, मेहंदी उत्सव, व चूनड़ी उत्सव, भक्तों के द्वारा बड़े जोर शोर से मनाया गया। मां शाकंभरी को छप्पन भोग व नाना प्रकार के भोग व सवामनी का भी आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के आरंभ में शहर के उद्यमी आर के चौधरी के द्वारा मैया की जोत जगाई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किए गए जिसमें मुख्य रूप से तारा शर्मा, मोनिका मस्कारा, सुमन खेमका, वीणा अग्रवाल, ज्योति रामरायका, शिल्पी रोईया, नितु नवलगडिया, रंजू शाह, मीना अग्रवाल, कृष्णा चौधरी, के द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति की गई। प्रीति ढाढनियां के द्वारा नौ कन्या व एक भैरव जी का पूजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।
महिषासुरमर्दिनी की एक शानदार प्रस्तुति स्वास्तिका रुईया के द्वारा किया गया जिसकी सभी भक्तों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयोजक राजेश अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल व शैलेष रामरायका, तारा जी शर्मा अशोक खेमका, सुरेश तुलस्यान,ऋषि रुइया, विश्वनाथ शर्मा, राजेश खेमका, व संस्था के संस्थापक शिवकुमार मित्तल व आनन्द लड़िया भी शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में महेश चौधरी के द्वारा धन्यवाद प्रकाश किया गया।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी, वाराणसी एवं सिंधी समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से स्व. ईश्वरी देवी एवं स्व. लक्ष्मण दास बालानी जी के पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन अमरनगर कुटिया, सोनिया, वाराणसी में किया गया।
शिविर में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' एवं विशिष्ट अतिथि सिंधी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रमेश लालवानी जी रहे। शिविर के संयोजक जय प्रकाश बालानी एवं डॉ संजय राय ने संयुक्त रूप से बताया की नेत्र परीक्षण एक अत्याधुनिक नेत्र मोबाइल वैन में चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। शिविर में 204 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ जिसमें जाँच उपरान्त 43 मोतियाबिंद के मरीज मिले।
मोतियाबिंद के मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल हरहुआ में भर्ती कराया गया जहाँ ही उनकी समस्त जांच की जाएगी, रिपोर्ट अनुकूल आने के उपरान्त उनका ऑपरेशन तत्काल कर दिया जाएगा।
शिविर में अन्य मरीजों को नेत्र जाँच कर चश्मे का नंबर दिया गया, जिनको बाद में निःशुल्क चश्मा भी दिया जाएगा।
उपयुक्त शिविर में जेपी बालानी, सुरेश तुलस्यान, वेदमूर्ति शास्त्री, रोहित बलानी, विजय शाह, राम गोपाल त्रिपाठी, पंकज भागचंदानी, अवंतिका विश्वकर्मा, शाश्वत नागवानी, नितिन त्रिपाठी, सतीश छाबड़ा, हेमंत केशवानी, पवन भाटिया,जय लालवानी, सागर लालवानी आदि ने अपना विशेष सहयोग दिया।



### गंगा के जलस्तर में गिरावट से वापस लौटा क्रूज

**वाराणसी।** गंगा में सबसे लंबी नदी यात्रा पर निकला गंगा विलास क्रूज गंगा का जलस्तर कम होने से वाराणसी नहीं आ सका। यह क्रूज पटना से ही 30 विदेशी पर्यटकों को छोड़कर कोलकाता लौट गया। उन 30 पर्यटकों को सड़क मार्ग से वाराणसी लाया गया। यह पर्यटक यहां बाबा विश्वनाथ के दर्शन, सारनाथ भ्रमण और गंगा आरती देखेंगे। इसके बाद 25 पर्यटक वापस अपने देश लौटेंगे और पांच कुछ दिन काशी में बिताएंगे। गंगा बिलास क्रूज कोलकाता से वाराणसी के लिए 12 नवंबर को रवाना हुआ। अमेरिका, जर्मनी और स्विट्जरलैंड के 30 पर्यटक इस क्रूज में सफर कर रहे थे।

### कफ सिरप मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी मामले में गुप्ता मेडिकल एंड सर्जिकल एजेंसी के प्रोपराइटर सुरेशचंद्र गुप्ता को सारनाथ पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के एलआईजी प्रीतम नगर का निवासी है।

## प्रियंका गांधी के जन्मदिन से कांग्रेस शुरू करेगी 'परिवर्तन प्रतिज्ञा अभियान'

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा वर्ग विभाग) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य अशोक कुमार विश्वकर्मी ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिवस 12 जनवरी से कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग 'परिवर्तन प्रतिज्ञा कार्यक्रम' की शुरुआत अभियान के रूप में करेगा। यह अभियान पूरे वर्ष तक प्रदेश मुख्यालय से लेकर बूथ स्तर तक चलाया जाएगा, जिसमें सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्ग की भागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।अभियान की शुरुआत प्रियंका गांधी के जन्मदिन 12 जनवरी को प्रदेश मुख्यालय से होगा। इसी दिन सालभर के कार्यक्रमों का विस्तृत कैलेंडर जारी किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मिशन मैन अनिल जयहिंद, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रभारी अविनाश पांडेय सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे-ंगे। युवाओं को यह बताया जाएगा कि किस तरह भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों में कटौती कर रही है। कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक, जनसभाएं, ग्रामीण इलाकों में परिवर्तन प्रतिज्ञा संवाद, पदयात्रा और मैराथन जैसे आयोजन किए जाएंगे।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

# वॉलीबॉल महाकुंभः पीएम मोदी ने नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

**● पीएम मोदी बोले-जीत अकेले नहीं, टीम भावना से मिलती है सफलता**
**● 28 से अधिक राज्यों की टीमें, 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की जीवंत तस्वीर**
**● वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन काशी और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है-योगी आदित्यनाथ**



**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** काशी में खेल इतिहास का नया अध्याय जुड़ गया है। सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रतियोगिता में भाग ले रहे विभिन्न प्रांतों से आये खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात् उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन किया। कार्यक्रम शुरू होते ही जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े, पूरा स्टेडियम 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत 'नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव' के उद्घोष के साथ की और खिलाड़ियों, कोचों व आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक कहावत है-बनारस के जानल चाहत हउआ, त बनारस आवे के पड़ी अब आप सभी बनारस आ गए हैं, तो यहां की संस्कृति को भी करीब से समझेंगे।' उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल ऐसा खेल है जो टीम फर्स्ट का संदेश देता है। 'इस खेल में कोई अकेला नहीं जीतता, टीम की जीत से ही सबकी जीत होती है। यही भावना हमारे देश में भी है-इंडिया फर्स्ट।' उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धक दर्शकों और काशी के माहौल का अनुभव लेने की भी बात कही।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम हैं। वॉलीबॉल हमें सिखाती है कि जीत अकेले संभव नहीं होती, बल्कि समन्वय, विश्वास और टीम भावना से ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता। वर्षों की मेहनत, अनुशासन और संकल्प के बाद खिलाड़ी इस मंच तक पहुंचते हैं। अब काशी के मैदान पर उनकी तपस्या की परीक्षा होगी। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के 28 से अधिक राज्यों की टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जो 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की सजीव तस्वीर प्रस्तुत करती हैं। काशी केवल मोक्ष नहीं, खेल प्रेम की भी भूमि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बनारस केवल अध्यात्म, संगीत और संस्कृति की नगरी नहीं है, बल्कि यह खेलों की भी समृद्ध परंपरा रखती है। कुश्ती, मुक्केबाजी, नौका दौड़ और कबड्डी जैसे खेलों में काशी ने देश को कई राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब केवल विकास का नहीं, बल्कि खेलों का भी वैश्विक केंद्र बन रहा है। खेलो इंडिया, राष्ट्रीय खेल नीति और खेल संगठनों में पारदर्शिता ने युवाओं को आगे बढ़ने का मंच दिया है। उन्होंने बताया कि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत गंभीरता से प्रयास कर रहा है, ताकि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें।
तत्पश्चात् उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैंपियनशिप का विधिवत् उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों एवं भारी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन काशी और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर प्रदेश की उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेन्द्र राय, रामौतार जाखड़, वीरेंद्र कुंवर, सुनील तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉ अवधेश सिंह, विधायक टी राम, क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, कमिश्नर एस. राजलिंगम, ओलिंपियन मेडलिस्ट आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के अलावा पूर्व सांसद डॉ राजेश मिश्रा, पूर्व मेयर रामगोपाल मोहले, विधायक रमेश जायसवाल, राकेश शर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, नागेंद्र रघुवंशी, आर पी कुशवाहा, जगदीश त्रिपाठी,प्रभात सिंह, निर्मला सिंह पटेल,चंद्रशेखर उपाध्याय, राहुल सिंह, मधुकर चित्रांश अशोक यादव, नीरज जायसवाल, शालिनी यादव, कुसुम सिंह, पटेल प्रज्ञा पांडे, साधना पांडे, रामप्रकाश दुबे, उमेश दत्त पाठक, संजय कुमार, डॉक्टर अशोक राय, डॉ अनिल ओहरी, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम सहित भारी संख्या में खिलाड़ी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सोनभद्र समाचार

### शक्तिनगर में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक



**सोनभद्र।** शक्तिनगर में पुलिस ने 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए जनचौपाल का आयोजन किया। यह चौपाल थाना क्षेत्र के ग्राम बांसी, बीना में लगाई गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दुबे और बीना चौकी प्रभारी जितेंद्र सरोज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्यक्रम आयोजित किया।
इस दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्हें अपनी सुरक्षा, अधिकारों और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया।
महिलाओं को 1090 और 181 जैसे महिला सहायता हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। शक्तिनगर पुलिस ने महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें निर्भीक होकर अपनी समस्याओं को सामने लाने और तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया।

## भदोही समाचार

### मिर्गी आने से अलाव की आग में गिरा व्यक्ति, जिंदा जला

**भदोही** ।क्षेत्र के भकोड़ा गांव में शनिवार शाम को अलाव की आग में झुलसने से एक मजदूर की मौत हो गई। वह मिर्गी बीमारी से पीड़ित था। घटना के समय उसकी पत्नी पास में ही झाड़ू लगा रही थी। शाम में कम दिखने के कारण वह पति को आग में गिरते हुए नहीं देख पाई। जलने की बदबू हुई तो उसे घटना की जानकारी हुई। भकोड़ा गांव जयदेई ने बताया कि पति बसावन उर्फ कल्लू (53) मजदूरी करते थे। वह मिर्गी की बिमारी से पीड़ित थे। कोई बच्चे नहीं है। ठंड से बचने के लिए शनिवार की शाम पति घर के बाहर अलाव जलाकर आग ताप रहे थे। मिर्गी का दौरा पड़ने से कल्लू अलाव में गिर गए। आधे घंटे तक बेसुध पड़ रहे। कुछ देर बाद मांस जलने की बदबू हुई तो आसपास के लोगों ने उसे घटना की जानकारी दी। पत्नी जयदेई ने बताया कि उसे कम दिखता है इसलिए वह पति को आग में गिरते हुए नहीं देख पाई।

## मऊ समाचार

### तहसील बार के चुनाव में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर सीधी टक्कर, छह जनवरी को मतदान

**मऊ।** सदर तहसील बार एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी के गठन के लिए आगामी 6 जनवरी को मतदान होगा। मतदान के लिए 60 अधिवक्ताओं को मतदाता बनाया गया है। जो अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे चार प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान को लेकर तहसील परिसर व बाहर प्रत्याशी अपने अपने पक्ष मे मतदान करने के लिए अधिवक्ताओं से संपर्क कर रहे हैं। मतदान की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही हैं, वैसे वैसे चुनावी सरगर्मी बढ रही है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों पर नजर डालें तो अध्यक्ष पद पर सुभाष सिंह और शिवनारायण राय के बीच सीधा और कांटे का संघर्ष होने की उम्मीद है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भी प्रेम प्रकाश चौहान और अखिलेश कुमार श्रीवास्तव के बीच सीधा संघर्ष है। सभी प्रत्याशी अधिवक्ताओं से संपर्क कर अपने अपने पक्ष में मतदान करने के लिए बार एसोसिएशन को मजबूत बनाने और अधिवक्ताओं के मान सम्मान की रक्षा के लिए अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वहीं प्रत्याशियों के समर्थक भी चुनाव प्रचार में जी जान से जुट गए हैं, जिसके चलते चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर है। जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा यह तो 6 जनवरी को मतदान के बाद होने वाली मतगणना मे ही तय हो सकेगा।

### ज्यादा दाम पर यूरिया बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**मऊ।** क्षेत्र के ग्राम समाउद्दीनपुर स्थित साधन सहकारी समिति से निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर यूरिया बेचे जाने से किसानों में आक्रोश है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया, लेकिन अधिकारी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। क्षेत्र के ग्राम समाउद्दीनपुर स्थित साधन सहकारी समिति से किसानों को खाद, बीज वितरित किया जाता है।

## चंदौली समाचार

### फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य, 30 जनवरी अंतिम तिथि

**चंदौली।** जनपद के किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त का लाभ लेने के लिए किसानों को 30 जनवरी तक फार्मर रजिस्ट्री कराना जरूरी होगा। तय तिथि तक पंजीकरण नहीं कराने वाले किसान इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं। उप निदेशक कृषि भीमसेन ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का डिजिटल डाटा तैयार किया जा रहा है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से सीधे पात्र किसानों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कृषि विभाग, राजस्व विभाग के कर्मचारियों और जन सेवा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से किया जा रहा है।

## सुल्तानपुर समाचार

### छात्र की मौत के मामले में कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**सुल्तानपुर।** अमहट के पास सुल्तानपुर-रायबरेली हाईवे पर शनिवार सुबह बेकाबू कार की चपेट में आने से अलीगढ़ मजरे अमहट निवासी छात्र मेगदाद मेंहदी की हुई मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। दुर्घटना में घायल दोनों लोगों का इलाज लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। छात्र के मृतक के चाचा अलीगढ़ मजरे अमहट निवासी रिजवान हैदर ने बताया कि शनिवार सुबह 10:20 बजे वह दूबेपुर मोड़ के पास अपने भतीजे मेगदाद मेंहदी का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने अपने भतीजे को बाइक से आते देखा था। आरोप है कि उसी समय मुख्य मार्ग पर रायबरेली से सुल्तानपुर जा रही तेज रफ्तार कार ने उनके भतीजे मेगदाद को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में उनके भतीजे के सिर में गंभीर चोट लग गई थी। शरीर के अन्य हिस्से में भी चोट लगी थी। घायल मेगदाद को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया गया था। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार को पुलिस ने पहले ही कब्जे में ले लिया था।

### मेडिकल स्टोर दवा लेने पहुंचे बुजुर्ग की मौत

**दोस्तपुर।** नवाबाद बेथरा निवासी लालबहादुर (60) रविवार शाम करीब पांच बजे घर से साइकिल से दोस्तपुर ब्लॉक चौराहे पर दवा लेने के लिए निकले। मेडिकल स्टोर पर पहुंचते ही वह अचानक बेहोश होकर साइकिल से गिर पड़े। वहां पर मौजूद लोग उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए। लाल बहादुर की मौत से परिवार में चीख-पुकार मची है। दोस्तपुर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है।

## प्रयागराज समाचार

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय में सीयूईटी यूजी से होंगे प्रवेश, ऑनलाइन आवेदन शुरू



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 तहत स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष सभी स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 2026 के माध्यम से ही होंगे।
यह व्यवस्था विश्वविद्यालय के सभी संघटक महाविद्यालयों के लिए भी लागू होगी। सीयूईटी यूजी-2026 के लिए पंजीकरण तीन जनवरी से 30 जनवरी तक होंगे जबकि आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदन में सुधार के लिए दो से चार फरवरी 2026 तक करेक्शन विंडो उपलब्ध होगी। परीक्षा 11 मई से 31 मई 2026 के बीच कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) मोड में संभावित है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की आधिकारिक वेबसाइट https://cuet.nta.nic.in/ पर आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय विकल्प में 'यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद' का चयन करना होगा। कुलसचिव प्रो. आशीष खरे ने बताया कि यह निर्णय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है।
सभी स्नातक पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत चार वर्षीय होंगे। जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर के अनुसार जो विद्यार्थी वर्ष 2026 में कक्षा 12वीं की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं या उत्तीर्ण कर चुके हैं और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनके लिए सीयूईटी-यूजी-2026 में पंजीकरण अनिवार्य होगा।
सीयूईटी (यूजी) की प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथियां भी जारी कर दी गईं हैं। इस वर्ष प्रवेश परीक्षाएं 11 से 31 मई के बीच एनटीए की ओर से निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित मोड में करवाई जाएंगी। उम्मीदवार भाषा और सामान्य योग्यता परीक्षा सहित अधिकतम पांच विषयों का चयन कर सकता है।

## गाजीपुर समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**दुल्लहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नायकडीह हाल्ट के पास रविवार को भोर में ट्रेन की चपेट में आने से सादिक अहमद (18) की मौत हो गई।
वह ट्रैक पार कर शौच करने जा रहा था। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि आजमगढ़ जनपद के जहानागंज थाना के कड़ासर गांव निवासी सादिक अहमद बचपन से नायकडीह गांव स्थित अपने ननिहाल में रहता था। सुबह करीब 4:30 वह शौच के लिए घर से निकला था।
रेलवे ट्रैक पार करते समय वाराणसी से मऊ की ओर जा रही स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। ट्रेन चालक ने घटना की सूचना पिपरीडीह स्टेशन मास्टर को दी। घटना की जानकारी पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मीरजापुर समाचार

### एक गांव से उठीं तीन अर्थियां, बस्ती में नहीं जले चूल्हे



**भावां।** मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम-पंचायत कुंदरुफ के अटारी गांव में रविवार को तीन लोगों की मौत से गांव में मातम छा गया। बस्ती के घरों में चूल्हे नहीं जले। गांव के लोग मृतकों के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाते रहे। पहला मामला सड़क हादसे में घायल गांव निवासी उमेश कुमार चौहान की रविवार की सुबह ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। दूसरे में विजय कुमार की मौत होने पर परिजनों ने ठंड लगने की आशंका जताई है। वहीं गांव निवासी अंजू देवी के नवजात की मौत हो गई। एक ही दिन गांव में तीन-मौत से मातम छा गया है। घायल युवक की इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में मौत। भावां गांव निवासी जोगेश चौहान ने बताया कि छोटा भाई उमेश कुमार चौहान (35) एक जनवरी को बस्ती में ही जन्म दिन की पार्टी में गया था। लौटते समय रात 10 बजे घर से 100 मीटर पहले बाइक से टक्कर हो गई। खून से लथपथ भाई सड़क किनारे पड़ा था। भाई को लेकर राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने सोनभद्र के लोढ़ी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। उमेश सिलाई कर परिवार की देखभाल करता था। 10 दिन पहले भी साइकिल से भावां स्थित दुकान पर जाते समय भी आरोपी द्वारा बाइक से टक्कर मारी गई थी। इस पर दोनों में जमकर विवाद भी हुआ था। इस मामले में दो जनवरी को मड़िहान थाने पर तहरीर दी गई है। जांच के लिए पहुंची मड़िहान पुलिस द्वारा कार्रवाई न करते हुए घायल भाई का इलाज कराने के नाम पर आरोपियों को छोड़ दिया गया था। पुत्र की मौत के बाद मां गुलजारी देवी के साथ पत्नी गीता देवी रो-रो कर बेहोश हो जा रही थी। पति की मौत के बाद दो पुत्रियों तीन वर्षीय गरिमा, डेढ़ वर्षीय गंगा के पालन पोषण की जिम्मेवारी गीता देवी पर आ गई है।

## बलिया समाचार

### शुरू हुई मतदाताओं के घरों पर नोटिस भेजने की तैयारी

**बलिया।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत पता नहीं लगने वाले लगभग 5.98 लाख मतदाताओं के घरों पर नोटिस भेजने की कार्यवाही शुरू की जा रही है। निर्धारित समय के भीतर जांच में उपस्थित नहीं मिलने या पहचान की पुष्टि नहीं होने की स्थिति में ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाया जा सकता हैं। 6 जनवरी को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। बलिया में एसआई के कार्य के बाबत एडीएम अनिल कुमार ने बताया कि जनपद के सात धान सभाओं में कुल 2510596 मतदाता हैं। 2053784 मतदाताओं की मैपिंग हो चुकी है। 456781 मतदाता ईएसडी हैं, जिनकी फीडिंग की जानी है। 90495 मतदाता मृतक हैं। 85446 मतदाता ट्रेस नहीं हुए या वे हैं ही नहीं।

## आजमगढ़ समाचार

### बालिका को पीटा...जमीन पर पटका, मन नहीं भरा तो चेहरे पर गोद दिया चाकू



**आजमगढ़।** आजमगढ़ के रौनापार थाना क्षेत्र के देवारा अचल नगर करता राम दुबे गांव में शुक्रवार की शाम रास्ते को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने आठ वर्षीय बालिका सीमा यादव पर हमला कर दिया। बालिका को मारपीट के बाद चाकू से घायल कर दिया गया, घायल सीमा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देवारा अचल नगर करता राम दुबे गांव निवासी राजीव यादव का कुछ लोगों से रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। तीन-चार दिन पूर्व भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। शुक्रवार को घटना के समय राजीव घर पर मौजूद नहीं थे और उनकी पत्नी बाजार गई हुई थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने राजीव की बेटी सीमा यादव को निशाना बनाया। उन लोगों ने पहले सीमा को मारा-पीटा और जब इससे भी मन नहीं भरा तो उसके चेहरे पर चाकू मार दिया। गंभीर रूप से घायल सीमा को परिजन तत्काल अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर उसे आगे रेफर कर दिया गया। रौनापार थानाध्यक्ष मंतोष सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को मिल चुकी है, हालांकि अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।


## जौनपुर समाचार

### रात में मां से की लड़ाई, सुबह फंदे से लटकता मिला शव

**जलालपुर।** थाना क्षेत्र के पुरेव गांव में संदीप पटेल (30) का शव घर से 50 मीटर दूर स्थित उसी के मुर्गीफार्म में रविवार को फंदे से लटकता मिला। बताया जा रहा है कि युवक का एक दिन पहले मां से विवाद हो गया था। मां के सिर में चोट लग गई, जिला अस्पताल में भर्ती है। परिजनों के मुताबिक संदीप एक दिन पहले किसी बात से नाराज होकर 65 वर्षीय मां लड़ाई कर लिया था। इस दौरान मां के सिर में चोट लग गई थी, इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इसके बाद तनाव में आ गया। उधर, घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। थाना प्रभारी गजानंद चौबे ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## देवरिया समाचार

### घना कोहरा जारी, जनजीवन प्रभावित,न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, कई ट्रेनें रद्द



**देवरिया।** जिले में सोमवार को भी घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। सुबह से देर तक पूरा इलाका कोहरे की चादर में लिपटा रहा, जिसके कारण दृश्यता बेहद कम हो गई और ठंड बढ़ गई।
बढ़ती ठंड से बचने के लिए लोग अपने घरों में दुबके रहे। जो लोग बाहर निकले, वे पूरी तरह गर्म कपड़ों में ढके हुए थे। शहर के चौक-चौराहों और ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करते दिखे। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, जिले में फिलहाल ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरह ठंड और कोहरे का असर बने रहने का अनुमान है। सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान करीब 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। घने कोहरे का असर रेल यातायात पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। ठंड और कम दृश्यता के कारण कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। सुरक्षा कारणों से लगभग आधा दर्जन ट्रेनों को रद्द भी कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के लिए भी कोहरा और पाला चिंता का कारण बन गया है।
खेतों में खड़ी सरसों और सब्जी की फसलों पर पाले का असर दिखने लगा है। कई जगहों से फसल खराब होने की खबरें हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है। पाले से सब्जियों की फसल को हुए नुकसान के कारण बाजार में सब्जियों की आवक घट गई है। इसका सीधा असर दामों पर पड़ा है,जिससे सब्जियों के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। इससे आम लोगों का रसोई का बजट प्रभावित हो रहा है।

### दूसरे के नाम पर नौकरी करने पर मुकदमा दर्ज

**देवरिया।** जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के परगसहा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक सहायक अध्यापक के शैक्षिक प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए हैं। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की तहरीर पर श्रीरामपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि युवक दूसरे व्यक्ति के नाम और प्रमाणपत्रों का उपयोग कर सरकारी नौकरी कर रहा था।

## गोरखपुर समाचार

### ठंड से हो गई थी दोस्त की मौत



**गोरखपुर।** कड़ाके की ठंड में सुबह की सैर सेहत के लिए कितना खतरनाक है, यह कोई पादरी बाजार के 64 वर्षीय रफीउल्लाह से पूछे। उन्होंने सुबह की सैर के दौरान अपने दोस्त को ब्रेन स्ट्रोक होने से मरते देखा है। वह अब भी इस सदमे से उबर नहीं पाए हैं।
उन्होंने सुबह की सैर छोड़ दी है। सुबह 10 बजे के बाद ही घर से निकलते हैं। वह कहते हैं-बेपरवाही ने मेरे दोस्त की जान ले ली। सुबह की ठंड से बेपरवाह बहुत सारे उम्रदराज लोग भी मॉर्निंग वॉक पर निकल रहे हैं। इसमें ऐसे लोग भी शामिल हैं जो शुगर और बीपी के मरीज हैं। डॉक्टर भी सलाह दे रहे हैं कि ऐसे लोग सुबह टहलने जाने से परहेज करें वरना सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। ऐसे लोगों के लिए रफीउल्लाह की आपबीती बड़ा सबक है।
मूलतः सलेमपुर, देवरिया के रहने वाले रफीउल्लाह उर्दू अनुवादक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह बताते हैं-हम लोग भी पहले बेपरवाह थे। करीब तीन साल पहले वह दोस्तों के साथ सुबह की सैर पर निकले थे। उनके दोस्त अंसारी को ठंड इस कदर लगी कि उसे ब्रेन स्ट्रोक हो गया और अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह कहते हैं- जब सुबह की सैर की बात होती है तो वही दृश्य सामने घूमने लगता है। तीन साल हो गए, मैं सुबह 10 बजे के पहले घर से नहीं निकलता हूं।

## लाइफ मंत्र

### सकट चौथ क्यों मनाई जाती है? जानिए व्रत का महत्व, पूजा विधि और तिल दान का फल



हिंदू पंचांग और शास्त्रों के अनुसार सकट चौथ व्रत को अत्यंत फलदायी माना गया है। इसे वक्रतुंडी चतुर्थी, माघी चौथ और तिलकुटा चौथ के नाम से भी जाना जाता है।
मान्यता है कि जिस श्रद्धा और कामना से कोई यह व्रत करता है, भगवान श्री गणेश उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण करते हैं।
शास्त्रों में यह भी कहा गया है कि सकट चौथ पर जितने तिल दान किए जाते हैं, उतने युगों तक जीव को सौभाग्य और पुण्य की प्राप्ति होती है। यह व्रत विशेष रूप से परिवार की सुख-शांति, धन-समृद्धि, मंगलमय भविष्य और संतान की उत्तम सेहत व बुद्धि के लिए किया जाता है।

**सकट चौथ क्यों मनाई जाती है?**

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान श्री गणेश सभी विघ्नों को हरने वाले देवता हैं। जिस दिन श्रीगणेश का जन्म हुआ, वह चतुर्थी तिथि थी, इसी कारण इस तिथि को संकट चौथ के रूप में मनाया जाता है। वैसे तो गणेश चतुर्थी का व्रत प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को किया जा सकता है लेकिन माघ, श्रावण, मार्गशीर्ष और भाद्रपद मास की चतुर्थी का विशेष महत्व बताया गया है।

**सकट चौथ व्रत कैसे करें?**

सकट चौथ के दिन प्रातः स्नान करके मन में व्रत का संकल्प लें। इसके बाद भगवान श्री गणेश की धूप, दीप, पुष्प, अक्षत और नैवेद्य से विधिवत पूजा करें। गणेश जी को तिल और खोए से बने लड्डुओं का भोग लगाएं। श्री गणेश स्तोत्र या मंत्रों का पाठ करें। दिन भर गणेश जी के नाम का स्मरण करें और चंद्र दर्शन के बाद अर्घ्य देकर फलाहार करें।

**सकट चौथ पर तिल दान का महात्म्य**

इस व्रत में तिलों की पूजा और दान का विशेष विधान है। तिल के लड्डू, गच्चक, रेवड़ी और भुग्गा आदि का दान किया जाता है। इसी कारण कुछ स्थानों पर इसे भुग्गे वाला व्रत भी कहा जाता है।

**सकट चौथ से जुड़ी परंपराएं**

पंजाब और उत्तर भारत में मान्यता है कि बालक के जन्म या विवाह के अवसर पर तिल के लड्डुओं का थाल चढ़ाया जाता है। भगवान गणेश को सवा किलो या उससे अधिक तिल के लड्डुओं का भोग लगाकर वितरण किया जाता है।

**सकट चौथ व्रत के लाभ**

संतान को रोग, बाधा और संकट से रक्षा, परिवार में सुख-शांति और समृद्धि, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा, भगवान गणेश की विशेष कृपा से विघ्नों का नाश

## *New Year Celebrity Party Look: आलिया-कैटरीना से लें New Year Party Style Inspiration, आप भी बनेंगी Fashion Queen*



अगर आप भी न्यू ईयर पार्टी में सबसे खूबसूरत नजर आना चाहती हैं, तो आप गॉर्जियस लुक पाने के लिए आप आलिया भट्ट से लेकर कैटरीना कैफ के लुक्स को देख सकती हैं। जिससे कि आप उनकी तरह आउटफिट स्टाइल कर सकें। न्यू ईयर पर हर तरफ पार्टी का माहौल देखने को मिल रहा है। कई सारे लोग न्यू ईयर पार्टी करते नजर आएंगे। कहीं लोग घर पर तो कहीं ऑफिस में पार्टी होस्ट की जाएगी। ऐसे में अगर आपको भी पार्टी का इनविटेशन आया है, तो आप सेलिब्रिटीज के लुक्स से आइडिया ले सकती हैं। जिससे कि आप पार्टी में सबसे खूबसूरत नजर आएं। पार्टी में गॉर्जियस लुक पाने के लिए आप आलिया भट्ट से लेकर कैटरीना कैफ के लुक्स को देख सकती हैं। जिससे कि आप उनकी तरह आउटफिट स्टाइल कर सकें।

**आलिया भट्ट खूबसूरत रेड आउटफिट लुक**

अगर आप भी न्यू ईयर पार्टी में खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो आप रेड आउटफिट को वियर कर सकती हैं। इस आउटफिट को 431-88 श्वेता कपूर क्लोथिंग ब्रांड द्वारा डिजाइन किया है। इसमें आप काफी खूबसूरत नजर आएंगी। इसको साड़ी स्टाइल ड्रेस कहा जाता है। ऐसे में आप चाहें, तो इसको डिजाइन करा सकती हैं। या फिर इससे मिलती-जुलती ड्रेस खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक अच्छा नजर आए।

**कैटरीना कैफ सिंपल पार्टी लुक**

अगर आप भी न्यू ईयर पर कुछ हैवी आउटफिट नहीं स्टाइल करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप कैटरीना कैफ के सिंपल पार्टी लुक को क्रिएट कर सकती हैं। आप रेड एंड ब्लैक प्रिंट ड्रेस को कैरी कर सकती हैं। इसमें आप सिंपल और अट्रैक्टिव नजर आ सकती हैं। ऐसे में आप भी न्यू ईयर पार्टी के लिए इस लुक को क्रिएट कर सकती हैं और सबसे खूबसूरत नजर आ सकती हैं। मार्केट में आपको इस तरह की ड्रेस आराम से मिल जाएंगी।

**एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर की प्रिंटेड ड्रेस**

अगर आप भी न्यू ईयर पार्टी में कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो आपको अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के लेपर्ड प्रिंट ड्रेस को कैरी कर सकती हैं। यह ड्रेस पहनने के बाद काफी अच्छी लगती है। वहीं आपका लुक भी अच्छा नजर आएगा। न्यू ईयर पार्टी के लिए इस तरह की ड्रेस एकदम परफेक्ट है। इसको कैरी करके आप अपने लुक को क्रिएटिव बना सकती हैं।

**तारा सुतारिया ब्लैक ड्रेस लुक**

इस न्यू ईयर पार्टी में अपने लुक को खूबसूरत और खास बनाने के लिए आप ब्लैक ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। पार्टी के लिए ब्लैक ड्रेस परफेक्ट होती है और इसमें लुक भी बेहद गॉर्जियस नजर आता है। इसके लिए आप एक्ट्रेस तारा की तरह टॉप और स्कर्ट डिजाइन के ऑप्शन को सर्च कर सकती हैं। इससे आपका वेस्टर्न लुक काफी अच्छा और खास नजर आएगा।



## Winter में रूखी-बेजान Skin से परेशान? शहद का यह Overnight Face Mask देगा नेचुरल ग्लो

**सर्दियों में त्वचा के रूखेपन और दाग-धब्बों को दूर करने के लिए शहद, एलोवेरा और गुलाब जल से बना फेस मास्क एक प्रभावी घरेलू उपाय है। इस ओवरनाइट मास्क को रातभर चेहरे पर लगाकर सोने से त्वचा को गहराई से पोषण मिलता है और सुबह प्राकृतिक चमक नजर आती है।**

हर कोई चाहता है कि उसकी त्वचा साफ, मुलायम और प्राकृतिक रूप से चमकदार दिखे। अगर आप केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स से बचकर घरेलू उपाय अपनाना चाहती हैं, तो शहद से तैयार फेस मास्क एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

शहद में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और हाइड्रेटिंग गुण त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं और रूखेपन को दूर करते हैं। इसे रात में चेहरे पर लगाकर सोने से सुबह स्किन फ्रेश, सॉफ्ट और नेचुरल ग्लो के साथ नजर आती है। आइए जानते हैं इसे बनाने और इस्तेमाल करने का आसान तरीका।

**फेस पर शहद लगाने के फायदे**

- यदि आप त्वचा पर शहद लगाती हैं, तो इससे स्किन को नमी मिलती है। इसके साथ ही त्वचा भी हाइड्रेट होती है।
- पिंपल्स और दाग-धब्बे कम होते हैं। इसका इस्तेमाल चेहरे के लिए बेस्ट है।
- नेचुरल ग्लो को बढ़ाने के लिए आप शहद का प्रयोग कर सकते हैं, जिससे स्किन पर किसी तरह के दाग-धब्बे नजर न आए।

**रातभर शहद फेस मास्क कैसे लगाएं?**

- सबसे पहले आपको 1 चम्मच कच्चा शहद चाहिए।
- इसके बाद 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स कर लें।
- अब थोड़ा सा गुलाब जल इसमें मिक्स कर लें।
- इसके बाद आपको शहद को चेहरे पर लगाना है।
- पूरी रातभर इसे ऐसे ही छोड़ दें।
- इस बात का ध्यान रखें कि आप शहद के फेस मास्क की पतली लेयर ही चेहरे पर लगाएं।
- इसके बाद सुबह उठकर चेहरे को गुनगुने पानी से साफ कर लें।
- एक बार इस फेस मास्क को लगा लिया तो आपको बाजार में मिलने वाले मास्क की जरुरत नहीं पड़ेंगी।
- इसको आप हफ्ते में 1 बार चेहरे पर जरुर लगाएं, जिससे आपके चेहरे पर केमिकल चीजें न लगाएं।
- ध्यान रखें इसकी सही मात्रा में इसे चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं।

## पुरानी साड़ी का Wardrobe Makeover! Fashion Designer ने बताए Reuse के ये गजब के Tips



फैशन डिजाइनर के अनुसार, अलमारी में रखी पुरानी साड़ियों को फेंकने के बजाय उन्हें दोबारा इस्तेमाल कर स्टाइलिश ड्रेस बनाई जा सकती हैं। जॉर्जेट साड़ी से मैक्सी ड्रेस, बांधनी प्रिंट से लहंगा-चोली और हैवी बॉर्डर वाली साड़ी से खूबसूरत अनारकली सूट बनवाकर वॉर्डरोब को नया लुक दिया जा सकता है।

हर भारतीय नारी के वॉर्डरोब में आपको हर ऑकेजन के लिए एक नई साड़ी जरुर मिल जाएगी। इनमें कई साड़ियां तो ऐसी भी होती हैं, जो सालों पहले किसी फंक्शन में पहनी थीं और अभी तक अलमारी में पड़ी हुई हैं। जब इस तरह से कई साड़ियां इक्कट्ठी हो जाती है, तो समझ नहीं आता है कि इनका क्या करें। इन साड़ियों को फेंक भी नहीं सकते हैं और ना ही खराब कर सकते है, तो फिर इसका क्या किया जाए? ऐसे में फैशन डिजाइनर प्रीति जैन ने बताया है कि कैसे पुरानी साड़ी को दोबारा से रीयूज कर सकते हैं। खासतौर पर आप अपनी जॉर्जेट फैब्रिक साड़ी को कई तरह से अलग रुप दे सकती हैं। आइए आपको बताते हैं कैसे आप अपनी साड़ी को न्यू तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं।

**प्रिंटेड या फ्लोरल साड़ी है तो बनवाएं ड्रेस**

यदि आपकी जॉर्जेट की साड़ी है और उस पर फ्लोरल प्रिंट है, तो आप इससे सुंदर लुक पाने के लिए ड्रेस बनवा सकती हैं। ऐसे फैब्रिक और प्रिंट्स से बनी मैक्सी ड्रेस और मिडी ड्रेस काफी फैंसी लगती हैं और देखने में भी पता नहीं चलता है कि साड़ी बनवाई हैं। इस तरह से आप अपनी पुरानी साड़ी को मॉर्डन टच दे सकते हैं।

**बांधनी प्रिंट या लहरिया प्रिंट साड़ी हो तो ऐसे रीयूज करें**

अगर आपके पास बांधनी प्रिंट या फिर लहरिया प्रिंट साड़ी है, तो आप इस तरह की साड़ी को अलग-अलग तरीके से रीयूज कर सकते हैं। इनका लहंगा-चोली सेट देखने में काफी ट्रेडिशनल और सुंदर लगता है। इसके साथ ही आप ए लाइन सूट, घेरदार प्लाजो विद श्रग भी बनवा सकती हैं।

**हेवी बॉर्डर वाली साड़ी से ये बनवाएं**

अगर आपके पास हेवी बॉर्डर वाली साड़ियों भी जरूर होंगी, जिनका समझ ही नहीं आता है कि कैसे स्टाइल करें। आप इस तरह की साड़ियों को एक सुंदर सा लॉन्ग अनारकाली सूट सिलवा सकती हैं, जिसके बॉर्डर और स्लीव्स पर आपकी साड़ी का बॉर्डर यूज हो जाएगा। चाहे आप क्रॉप टॉप के साथ लॉन्ग श्रग और स्कर्ट भी स्टिच करा सकती हैं।

साड़ी से बनवाएं डिजाइनर ड्रेस

यदि आपके पास काफी साड़ियों का ढेर लग गया है, तो आप किसी डिजाइनर से अलग-अलग ड्रेसेज भी डिजाइन करा सकती हैं। या फिर अपने आसपास के बुटीक पर जाएं, वहां डिजाइनर से बात करें और साड़ी के हिसाब से अलग-अलग ड्रेसेद डिजाइन करा लें। पुरानी साड़ियों को वेस्ट करने का अच्छा है कि आप इन्हें नए तरीके से दोबारा स्टाइल कर सकते हैं।


कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
India's No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
राना डिस्पेन्सरी
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow- Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरिबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS,FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेजिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170